तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 15 जुलाई 2026



10 राम के नाम पर वोट लेने वाले भगवान के चंदा ...



10 शाला प्रवेशोत्सव में गूंजा शिक्षा का संदेश ...







हरिभूमि

सुनहरा मौका

सुनिश्चित उपहार 2026

मास्टर कूपन

15 जुलाई 2026

कूपन नं. 3


# बारिश के मौसम में अस्पतालों में रहे पर्याप्त एंटी स्नेक वेनम : छिकारा

## स्कूलों की साफ-सफाई, खाद-बीज उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं और लंबित प्रकरणों की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि बारिश के मौसम में सर्पदंश एवं मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थानों में पर्याप्त मात्रा में एंटी स्नेक वेनम व जीवन रक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने नक्सल पुनर्वासित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना सहित शासन की सभी पात्रता आधारित योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से उपलब्ध कराने पर चर्चा की। कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

### कम वर्षा की संभावना पर अलर्ट जारी

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान खाद-बीज के भंडारण एवं वितरण की स्थिति का जायजा लिया गया। उन्होंने अलनिनो के प्रभाव से कम वर्षा की संभावना को देखते हुए किसानों को सूखे की स्थिति हेतु आवश्यक तैयारियां रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा निजी खाद विक्रेताओं के यहां निर्धारित दर सूची का अनिवार्य रूप से प्रदर्शन कराने एवं नियमित निरीक्षण करने को भी कहा गया।



### कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा जांच के आदेश

कलेक्टर ने जिले के संचालित कोचिंग संस्थानों की जांच कर सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं पर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सेवा डेरा की व्यवस्थाओं, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के विभागवार लंबित प्रकरणों तथा सुशासन तिहार के लंबित आवेदनों की भी समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एफसीआई गोदामों में संग्रहित चावल की गुणवत्ता की नियमित जांच कराने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए गए।

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सभी स्कूल परिसरों में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने, नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए होनहार विद्यार्थियों की पहचान कर आवेदन भरवाने तथा बेहतर तैयारी कराने के निर्देश दिए, ताकि जिले से अधिकाधिक विद्यार्थियों का चयन हो सके। बैठक में टैलेंट तिहार कार्यक्रम, बोलेगा बचपन गतिविधि, अपार आईडी, यू-डाइस, एमबीयू, पीएम श्री विद्यालयों के निर्माण कार्य, बाल वाटिका संचालन तथा पीएम पोषण योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ तन्मय खन्ना, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा, सहायक कलेक्टर यशवंत सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### नक्सल पुनर्वास केन्द्र का किया बस्तर कमिश्नर ने निरीक्षण



दंतेवाड़ा। बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह द्वारा नक्सल पुनर्वास केन्द्र जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, जिला पंचायत सीईओ एम भार्गव उपस्थित थे। इस मौके पर बस्तर कमिश्नर विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षणरत पुनर्वासित युवाओं को विभिन्न रोजगार परक ट्रेड में हुनर हासिल करने की समझाइश देते हुए कहा कि प्रशिक्षित युवाओं को प्रशासन द्वारा रोजगार स्थापित करने हेतु हर संभव मदद दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि उक्त पुनर्वास केंद्र में अब तक कुल प्रषिक्षित पुनर्वासित 443 तथा प्रषिक्षरत युवाओं की संख्या 90 है। वर्तमान में यहां पर सिलाई ट्रेड में 31 जल वितरण चालक में 30 और क्रमशः मेशन वेल्डर ट्रेड में 28 और 1 है। इसके साथ ही यहां साक्षरता अभियान के तहत 149 युवाओं को शिक्षित भी किया गया है। जबकि 80 अध्ययनरत है। इस मौके पर कलेक्टर श्री ध्रुव द्वारा बस्तर कमिश्नर को इन युवाओं को अन्य रोजगार गतिविधियों से जोड़ने के प्रयासों के संबंध में जानकारी दी।

### वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर नाट्य प्रस्तुति आज

जगदलपुर। राष्ट्रगीत वंदे मातरम को लिखे हुए पूरे 150 वर्ष और लगभग 8 महीने यानि 151 वां वर्ष हो रहे है। इस गीत की रचना बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने 7 नवंबर 1875 को की थी। भारत सरकार इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक राष्ट्रव्यापी समारोह मना रही है। इसी के अंतर्गत जगदलपुर में भी वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने एवं महाकवि कालिदास जयंती के उपलक्ष्य में संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव के अंतर्गत आमचो माटी सांस्कृतिक संस्था हल्बी में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करेगा। इस नाटक को निर्देशित किया है वेदांत झा ने बुधवार को शाम 6 बजे मां दंतेश्वरी मंदिर के पास राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम के सम्मान में ये नाटक आम पब्लिक के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। यह प्रस्तुति बस्तर की माटी, जनजातीय संस्कृति, भूमकाल विद्रोह और मातृभूमि के प्रति समर्पण की प्रेरणादायी गाथा को मंच पर जीवंत करेगी। इसका सीधा प्रसारण विकसित भारत फोर्थ कॉलम के आधिकारिक चैनल पर भी दिखाया जाएगा।

### 11 माह पूर्व आई बाढ़ में विशाल पुल के हो गए थे दो टुकड़े, श्रमदान कर बनाया अस्थायी मार्ग

# ध्वस्त पुल के नीचे से जान जोखिम में डाल कर बच्चे स्कूल जाने के लिए मजबूर

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

जिला मुख्यालय से लगभग 30 किमी दूर चितापुर व धुरवारास के बीच बना विशाल पुल 26 अगस्त 2025 को आई बाढ़ से दो भागों में विभाजित हो गया था। लगभग 11 माह बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। आज भी बच्चों को स्कूल आने जाने के लिए जान जोखिम में डालकर आ वा जा ही करनी पड़ रही है। वहीं ग्रामीणों को भी स्वास्थ्य सुविधा, बैंक, एटीएम आदि के लिए कई किमी घुमकर चितापुर आना पड़ रहा है। इस वर्ष भी बाढ़ कि स्थिति बनी तो पंचायत द्वारा पुल के नीचे बनाया गया अस्थायी मार्ग भी बंद हो जाएगा और बच्चों को स्कूल और ग्रामीणों को अन्य सुविधाएं मिलनी बंद हो जाएगी।

- इस वर्ष भी स्कूल, अस्पताल, बैंक, एटीएम की सुविधा के लिए कई किमी चक्कर लगाना पड़ेगा

बस्तर जिले के दरभा ब्लॉक के ग्राम पंचायत धुरवारास और चितापुर के मध्य बने चापड़ा आमा पुलिया की जो गत वर्ष 26 अगस्त को आई बाढ़ के दौरान दो टुकड़ों में ▶▶| शेष पेज 10 पर

### सुविधाओं का लाभ लेने चक्कर काटना पड़ रहा जरूरतमंदों को

चितापुर पंचायत में प्रायमरी, मिडिल, हाईस्कूल से लेकर आश्रम शाला भी संचालित है। इसके अलावा अस्पताल, जिला सहकारी बैंक, एटीएम च्वाईस सेंटर आदि की सुविधा के लिए जरूरतमंदो को कई किमी चक्कर लगाकर आना पड़ रहा है। चितापुर में प्रायमरी से लेकर हाईस्कूल तक 3 सौ से अधिक बच्चे अध्ययनरत है जिन्हें टूटे पुल के नीचे से पैदल ही स्कूल आना जाना पड़ रहा है। टूटी पुलिया की वजह से ग्रामीणों की दिनचर्या बाधित हो रही है और स्कूली बच्चों की जान जोखिम में है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया टूटने के कारण बीमारों को अस्पताल ले जाने में भी दिक्कत हो रही है उनको कई किमी घूमकर दूसरे रास्ते से आना-जाना पड़ रहा है। इधर किसान भी अपनी उपज बाजार तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।





### विधायक, सांसद व कलेक्टर से भी लगा चुके गुहार

टुटे पुल की जगह नया मजबूत बनाने के लिए क्षेत्रीय विधायक के अलावा सासंद व कलेक्टर से भी कई बार गुहार लगाकर आवेदन दिया जा चुका है लेकिन लगभग 11 माह बाद भी स्थिति जस की तस है। पंचायत मद से तथा श्रमदान कर आवाजाही के लिए अस्थायी मार्ग बनाया गया था लेकिन इस वर्ष बाढ़ आने पर वह भी बह जाएगा फिर स्कूली बच्चों व ग्रामीणों को इसका खामियाजा उठाना पड़ेगा।

**दुर्गा नाग**
सरपंच चितापुर

### एनएच 30 राजूर से जोड़ती है यही सड़क चोटिल हो चुके हैं बच्चे

गौरतलब है कि चितापुर आवाजाही के लिए यही सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 को राजूर से जोडती है। इसके अलावा धुरवारास और राजूर तक पहुंचने के लिए कई किमी दूर घूमकर आना-जाना पड़ रहा है जिससे ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान सहित समय की भी बबार्दी हो रही है। पुलिया इस कदर टूट चुकी है कि दो भागों में विभक्त हो गया है। जिससे यह मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया है, अनजान लोगों को कई बार टूटी पुलिया तक पहुंचकर वहां से वापस लौटना भी पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार बच्चे संतुलन खो देते हैं और नाले में फिसलकर गिरने से चोटिल हो चुके है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। पुल टूटने से पहले स्कूली बच्चे दो से तीन किलोमीटर दूर से सायकिल से आना-जाना करते थे लेकिर पुलिया टूटने से अब यह दूरी पैदल ही आना-जाना कर तय कर रहे हैं।

## बिजली समस्या को लेकर लामबंद हुए लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने किसानों की बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर धरमपुरा स्थित कनिष्ठ अभियंता जेई को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने बार-बार होने वाली बिजली कटौती, अनियमित विद्युत आपूर्ति, लो-वोल्टेज की समस्या, कृषि कार्यों के दौरान पर्याप्त बिजली नहीं मिलने तथा बिजली दरों में लगातार की जा रही बढ़ोतरी सहित अन्य समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। संगठन ने कहा कि इन समस्याओं के कारण किसान खेती-किसानी कार्य में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। यूनियन ने बिजली विभाग से मांग की है कि किसानों की समस्याओं का शीघ्र एवं स्थायी समाधान किया जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो किसानों के हित में धरना-प्रदर्शन एवं जन आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष शिवा स्वर्णकार, जिला अध्यक्ष रमेश गोयल, जिला उपाध्यक्ष बलीराम पुजारी, मानसिंह, तोकापाल मंडल अध्यक्ष बबलू बघेल, जिला सचिव धीरज ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह सहित किसान एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

- किसानों के हित में धरना-प्रदर्शन एवं जन आंदोलन करने की दी चेतावनी
- किसान यूनियन ने जेई को दिया ज्ञापन

# साइबर ठगी मामले में दो म्यूल एकाउंट धारक पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




साइबर सेल से प्राप्त संदिग्ध म्यूल अकाउंट संबंधी सूचना के आधार पर थाना कुआकोंडा ने जांच एवं तकनीकी विश्लेषण किया। साइबर सेल से प्राप्त अभिलेखों एवं समन्वय पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के विश्लेषण से यह तथ्य सामने आया कि आरोपी दीपेश कुंजाम एवं चेतन कुंजाम अपने बैंक खाते, पासबुक, चेकबुक तथा एटीएम कार्ड अन्य व्यक्तियों को किराये पर उपलब्ध कराते थे। इन बैंक खातों का उपयोग साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि के अवैध हस्तांतरण एवं निकासी के लिए किया जाता था। इसके बदले आरोपी कमीशन के रूप में आर्थिक लाभ प्राप्त करते थे।

विस्तृत वित्तीय जांच में दोनों आरोपियों के बैंक खातों में साइबर ठगी से संबंधित कुल 5 लाख 29 हजार 898 का संदिग्ध लेन-देन पाया गया। उपलब्ध दस्तावेजी एवं डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर प्रथम दृष्टया आरोप सिद्ध पाए जाने पर आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(4) एवं 318(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को ▶▶| शेष पेज 10 पर

- बैंक खाते, पासबुक, चेकबुक तथा एटीएम कार्ड किराये पर देते थे युवक
- आरोपियों के बैंक खातों में 5 लाख 29 हजार 898 रुपए के संदिग्ध लेन-देन पाया गया

## स्पोर्ट्स एवं कल्चरल कोटा के नाम पर अतिरिक्त अंक देने सेजेस की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आठवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम को लेकर विवाद गहरा गया है। स्कूल प्रबंधन पर स्पोर्ट्स एवं कल्चरल कोटा के नाम पर अतिरिक्त अंक जोड़कर मेरिट सूची बदलने और एक छात्रा को मेडल दिलाने के आरोप लगे हैं। मामले में जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल का कहना है कि इस तरह अतिरिक्त अंक देने का कोई प्रावधान नहीं है। जानकारी के अनुसार नयापारा निवासी कक्षा आठवीं की छात्रा वंशिका श्रीवास्तव ने वार्षिक परीक्षा के अंकों पर आपत्ति जताई है। अभिभावकों ने पड़ताल कर दावा किया है कि वंशिका के 93.33 प्रतिशत अंक हैं। जबकि स्कूल के टॉपर घोषित छात्रा अनुति टेन्नेटी के 91 प्रतिशत अंक ही हैं। आरोप है कि पहले स्कूल ने अनुति को 95.17 प्रतिशत और वंशिका को 95 प्रतिशत अंक दर्शाए थे। मामला जिला शिक्षा ▶▶| शेष पेज 10 पर

- जिला शिक्षा अधिकारी ने त्रुटि सुधार कर संशोधित परिणाम जारी करने दिए निर्देश
- कक्षा आठवीं में अंक बढ़ाकर मेडल दिलाने का आरोप

### पद का दुरुपयोग

## दायित्व के विपरीत कार्य करने पर हटाए गए बड़े लखापाल के सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

पद का दुरुपयोग करने के मामले में एसडीएम ने बड़े लखापाल के सरपंच को हटा दिया है।

एसडीएम दंतेवाड़ा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि जनपद पंचायत कटेकल्याण के ग्राम पंचायत बड़े लखापाल के सरपंच दिनेश मरकाम को उनके पदीय शक्तियों एवं कर्तव्य निर्वहन के दुरुपयोग तथा सरपंच पद के दायित्वों के विपरीत कार्य करने पर संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (छ) एवं छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 धारा 40 के उपधारा (1) (क), (ख) के प्रावधानों के तहत दोषी पाये जाने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 (1) में विहित प्राधिकारी के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सरपंच पद से तत्काल प्रभाव से हटाया गया है। सरपंच ने अपने साथियों के साथ 18 मार्च को ग्राम कटेकल्याण के साप्ताहिक बाजार में अनाधिकृत रूप से शांति भंग कर व्यापारियों को व्यापार करने मना किया था। साथ ही तहसीलदार और अनुविभागीय अधिकारी ▶▶| शेष पेज 10 पर

- कटेकल्याण ब्लाक के हटाए गए सरपंच का अधिकार एसडीएम ने उपसरपंच को सौंपा

### देव स्नान पूर्णिमा के पश्चात अनवसर विश्राम अवधि पूर्ण होने पर होगा विशेष श्रृंगार

# भगवान जगन्नाथ मंदिर में नेत्रोत्सव आज, कल निकलेगी रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज अपनी 619 वर्षों से चली आ रही समृद्ध रियासतकालीन परंपरा का निर्वहन करते हुए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 29 जून देव स्नान पूर्णिमा से 25 जुलाई देवशयनी एकादशी तक बस्तर गोंचा महापर्व 2026 का आयोजन कर रहा है। इस वर्ष श्रद्धालुओं को भगवान के दिव्य स्नान का प्रत्यक्ष दर्शन कराने के उद्देश्य से मंदिर परिसर में स्थापित शेड पर भगवान श्री जगन्नाथ, माता सुभद्रा एवं बलभद्र स्वामी का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाभिषेक सम्पन्न कराया गया। भगवान श्री जगन्नाथ के अनसर काल की समाप्ति के बाद 15 जुलाई को परंपरानुसार नेत्रोत्सव का आयोजन होगा। भगवान श्री जगन्नाथ का नेत्रोत्सव वैदिक पूजा-विधान के साथ संपन्न होगा। देव स्नान पूर्णिमा के पश्चात ▶▶| शेष पेज 10 पर

- 3 रथों पर विराजमान होंगे भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा व बलभद्र स्वामी सहित 22 विग्रह




### आकर्षण का केंद्र रहेगी झांकी

उन्हाने बताया कि इस वर्ष तेरह वेश झांकी स्थल को 10 वर्षों बाद नवीन वस्त्रों एवं आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ पुनः तैयार किया गया है, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। नगरपालिका निगम के सहयोग से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गोंचा गुड़ी का निर्माण किया जा रहा है, जिससे दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक भी बैठकर महापर्व का आनंद ले सकेंगे। समाज की 14 क्षेत्रीय समितियों के अंतर्गत 108 से अधिक ग्रामों में निवासरत समाज के परिवार 17 जुलाई से 23 जुलाई तक भगवान श्री जगन्नाथ को पारंपरिक अमनिया (सात्विक भोग) अर्पित कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण करेंगे। बड़ेगुड़ी के भोगसार का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा गोंचा उपरांत प्रतिदिन भोग-प्रसाद वितरण प्रारंभ करने की योजना है।

### महापर्व के प्रमुख कार्यक्रम

19 जुलाई अखण्ड रामायण पाठ। 20 जुलाई (हेरा पंचमी) समाज के वरिष्ठजनों एवं पारंपरिक तुपकी निमार्ताओं का सम्मान तथा संध्या बेला में लक्ष्मीजी की डोली का नगर भ्रमण एवं लक्ष्मी-नारायण संवाद। 21 जुलाई भगवान श्री जगन्नाथ को छप्पन भोग अर्पण। 23 जुलाई समाज द्वारा निःशुल्क उपनयन संस्कार। 24 जुलाई बाहुड़ा गोंचा रथ यात्रा, भगवान की श्रीमंदिर वापसी एवं कपाट फेंड़ा पूजा। 25 जुलाई देवशयनी एकादशी के साथ गोंचा महापर्व का परायण। गोंचा महापर्व को मेला स्वरूप प्रदान करने हेतु इस वर्ष भी 12 धार्मिक दुकानों की स्थापना की जा रही है, जहां पूजा सामग्री एवं भगवान श्री जगन्नाथ के प्रिय भोग-प्रसाद उपलब्ध रहेंगे। मुख्यमंत्री ने विधानसभा मानसून सत्र की समाप्ति के बाद कार्यक्रम में शामिल होने का आश्वासन दिया है। प्रदेश के अन्य जनप्रतिनिधियों के भी महापर्व में सम्मिलित होने की संभावना है।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI KANKER

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)

89595-93930 • 89595-44444

**खबर संक्षेप**

### विधिक सलाहकार का प्रवास आज से



**सुकमा।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के वरिष्ठ विधिक सलाहकार और भारतीय आदिम जाति सेवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश कुमार उइके का बस्तर संभाग में दौरा होने जा रहा है। आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार, राजस्व मामला एसटी एसएसी अत्याचार निवारण अधिनियम, संवैधानिक अधिकारों का हनन व सामाजिक विषयों पर आदिवासी समाज के सामाजिक पदाधिकारियों के साथ अहम चर्चा करेंगे। यह कार्यक्रम 15 जुलाई कांकेर, 16 जुलाई सुकमा व 17 जुलाई को जगदलपुर में होगा।

# गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा व मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें: कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



बस्तर संभाग के आयुक्त डोमन सिंह की अध्यक्षता में आज शासकीय नवीन चिकित्सा महाविद्यालय, टेकनार, दंतेवाड़ा में प्रबंधकारिणी स्वशासी समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई।

बैठक में महाविद्यालय के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक संचालन, अधोसंरचना विकास, चिकित्सकीय सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा भविष्य की कार्ययोजना से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एम. भार्गव, चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. टीकू सिन्हा, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. भगत बघेल सहित स्वशासी समिति के सदस्य एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत बस्तर संभाग के आयुक्त डोमन सिंह स्वशासी समिति के पंजीयन एवं उपविधियों पर चर्चा एवं अनुमोदन से हुई। इसके पश्चात समिति के अंतर्गत गठित नई कार्यकारिणी के सदस्यों का परिचय, नामांकन एवं पुष्टि की गई। समिति के उद्देश्यों, कार्यक्षेत्र एवं संचालन व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा करते हुए महाविद्यालय के प्रभावी एवं पारदर्शी संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में स्वशासी समिति के नाम से राष्ट्रीयकृत बैंक में बैंक खाता खोलने एवं उसके संचालन, वित्तीय लेखा-जोखा, ऑडिट व्यवस्था तथा प्रशासनिक कार्यों के संचालन पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही प्रारंभिक बजट, शासन से प्राप्त अनुदान एवं अन्य निधियों के नियमानुसार उपयोग की प्रक्रिया का अनुमोदन किया गया।

महाविद्यालय के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक मानव संसाधनों की भर्ती कलेक्टर दर पर आकस्मिक मजदूरी के आधार पर किए जाने के प्रस्ताव पर चर्चा कर अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त चिकित्सा उपकरण, प्रयोगशाला उपकरण, फर्नीचर, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) उपकरण, डीजी सेट सहित अन्य आवश्यक सामग्री की क्रय प्रक्रिया पर भी सहमति व्यक्त की गई। बैठक में चिकित्सा महाविद्यालय में स्थापित स्वशासी समिति के अंतर्गत शैक्षणिक संवर्ग के लिए आदर्श सेवा नियम-2019 को अंगीकार करने पर भी चर्चा की गई। वहीं महाविद्यालय एवं छात्रावास भवन में सुरक्षा व्यवस्था, नियमित साफ-सफाई, छात्रावास मेस संचालन एवं अन्य आवश्यक सेवाओं को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए। आयुक्त डोमन सिंह ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग एनएमसी के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप अधोसंरचना, आधुनिक प्रयोगशालाओं, समृद्ध पुस्तकालय एवं कौशल प्रयोगशाला स्किल लैब को समयबद्ध ढंग से तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाएं। बैठक में महाविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए स्टाफ क्वार्टर की समुचित व्यवस्था करने पर भी विशेष चर्चा की गई। आयुक्त ने निर्देश दिए कि आवासीय परिसर में पेयजल, विद्युत, सड़क, सुरक्षा, स्वच्छता, इंटरनेट, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं, ताकि अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण मिल सके।

बैठक के दौरान चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय के सुचारु संचालन, आवश्यक मानव संसाधनों की उपलब्धता, विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण, अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने के संबंध में विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। संस्थान के समग्र विकास एवं भविष्य की कार्ययोजना से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए।

## प्रदेश उपाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

# 20 साल पुराने कांग्रेस के गढ़ पर भाजपा की नजर

**भोपालपटनम फतह के लिए चुनावी बिगुल, प्रदेश उपाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से की रायशुमारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम




आगामी नगर पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा ने भोपालपटनम में अपनी चुनावी तैयारियों को तेज कर दिया है। नगर के सामुदायिक भवन में आयोजित भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट ने संगठन की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं में जीत का मंत्र फूंका। बैठक में दिसंबर में प्रस्तावित नगर पंचायत चुनाव के मद्देनजर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने और कांग्रेस के दो दशक पुराने गढ़ को भेदने की रणनीति पर विस्तार से मंथन किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट ने कहा कि नगर पंचायत चुनाव भाजपा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और जीत की कुंजी बूथ स्तर की मजबूती में छिपी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ पर सक्रिय रहकर जनसंपर्क बढ़ाने, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। बैठक में 65 पोलिंग बूथों पर बूथ समितियों के गठन और 16 शक्ति केंद्रों के गठन पर चर्चा हुई। साथ ही प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सभी बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को प्रमुखता से सुनने और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के निर्देश दिए गए।

- **बूथ जीता तो चुनाव जीता, 65 बूथों और 16 शक्ति केंद्रों पर बनेगी मजबूत संगठनात्मक पकड़**

### 15 वार्ड में कांग्रेस का कब्जा, भाजपा ने बनाई बदलाव की रणनीति

भोपालपटनम नगर पंचायत में पिछले लगभग 20 वर्षों से कांग्रेस का वर्चस्व कायम है। वर्तमान में नगर पंचायत के 15 के 15 वार्डों में कांग्रेस के पार्षद निर्वाचित हैं तथा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद पर भी कांग्रेस का कब्जा है। ऐसे में भाजपा इस बार पूरे दमखम के साथ चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी कर रही है। बैठक में इस मजबूत कांग्रेस गढ़ को भेदने के लिए वार्डवार रणनीति तैयार की गई और कार्यकर्ताओं को अभी से सक्रिय होकर जनता के बीच काम करने के निर्देश दिए गए। प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट ने कहा कि भाजपा सरकार विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है और नगर पंचायत में भी विकास की नई तस्वीर प्रस्तुत करने के लिए पार्टी पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय, अनुशासन और जनसंपर्क अभियान को और तेज करने का आह्वान किया। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीनिवास मुदलियार, भाजपा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग, मंडल अध्यक्ष नरसिंह रेड्डी, नीलम गणपत, कविता कोराम, सरिता कुड़ेम, जया देवी चिड़ेम, रिंकी परस्ते, कीर्ति बापू, फारुख खान, अरुण भगत, गिरजा शंकर, बिलाल खान, पी. आनंद, ए. श्रीनिवास, कोयलकर सीनू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चुनावी रणनीति के माहिर माने जाते हैं जी. वेंकट

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट को संगठन का अनुभवी चुनावी रणनीतिकार माना जाता है। बस्तर संभाग सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में वे संगठनात्मक जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। वे बस्तर के चुनाव प्रभारी रहने के साथ ही भिलाई समेत कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी चुनावी प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। उनके मार्गदर्शन में पार्टी ने कई चुनावों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। संगठन के भीतर जी. वेंकट की पहचान ऐसे रणनीतिकार के रूप में है, जो बूथ प्रबंधन, कार्यकर्ताओं के समन्वय और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने की प्रभावी रणनीति तैयार करते हैं। चुनावी समीकरणों की गहरी समझ और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की उनकी शैली को भाजपा की बड़ी ताकत माना जाता है। यही वजह है कि महत्वपूर्ण चुनावों में पार्टी नेतृत्व अक्सर उन्हें रणनीतिक जिम्मेदारी सौंपता है और उनके नेतृत्व में संगठन बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहा है।

## विकास और जवाबदेही पर जोर गुणवत्ता से समझौता नहीं: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा




कलेक्टर अमित कुमार ने आयोजित बैठक में अधिकारियों की बैठक में दो टूक कहा कि गुणवत्ता में लापरवाही करने वाले अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जिले में विकास कार्यों की गुणवत्ता और जनहित से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में कलेक्टर अमित कुमार के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ मुकुंद ठाकुर की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया गया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। कार्यों का भुगतान केवल तकनीकी जांच और गुणवत्ता परीक्षण के बाद ही किया जाएगा। बैठक में सामाजिक पेंशन, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रकरणों तथा शासकीय भूमि आवंटन से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ मुकुंद ठाकुर, डीएफओ अक्षय भोंसले सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिकायतों और आवेदनों का समयबद्ध हो समाधान

बैठक में मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली योजनाओं, सीएम हेल्पलाइन, सेवा सेतु पोर्टल, बस्तर मुन्ने और सुशासन तिहार के लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए। अधिकारियों से कहा गया कि आम लोगों की शिकायतों और आवेदनों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

## किरण सेठिया अध्यक्ष, जितेंद्र तिवारी उपाध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

**शिक्षा, अनुशासन और नवाचार पर रहेगा फोकस**




पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बस्तर की शाला प्रबंधन समिति की बैठक विद्यालय परिसर में की गई। बैठक में सर्वसम्मति से किरण सेठिया को शाला प्रबंधन समिति का अध्यक्ष तथा जितेंद्र तिवारी को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

- **स्वामी आत्मानंद स्कूल में नई शाला प्रबंधन समिति का गठन**

सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी को शिक्षाविद के रूप में जिम्मेदारी दी गई। बैठक में विद्यालय के विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, विद्यार्थियों के लिए आधुनिक एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा खेलकूद, सांस्कृतिक एवं अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही विद्यालय को जिले के उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों में शामिल करने के लिए सभी सदस्यों ने सामूहिक प्रयास करने का संकल्प सेठिया ने कहा कि पालकों, शिक्षकों एवं शाला प्रबंधन समिति के सभी क्षेत्र में नई पहचान दिलाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

### बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना लक्ष्य

संरक्षक रामानंद मिश्रा ने कहा कि पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का उद्देश्य गरीब एवं मध्यम वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा उपलब्ध कराना है। इस लक्ष्य को सफल बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

### पालकों और शिक्षकों की रही सहभागिता

बैठक में संरक्षक सहित प्राचार्य पी.आर. लाउत्रे, प्रभारी प्राचार्य कुलेश्वर यादव, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे। बैठक के समापन पर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों को उपस्थित जनों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।



## कमिश्नर ने नवीन मेडिकल कॉलेज भवन स्थल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

मिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह मंगलवार को दंतेवाड़ा जिले के भ्रमण के दौरान चितालंका में नवीन मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण का निरीक्षण कर इसे योजनाबद्ध तरीके से संचालित कर नियत समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने नवीन मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण के लिए सभी निर्माण सामग्री की उपलब्धता, उपकरणों एवं पर्याप्त श्रमिकों की व्यवस्था करने सहित निर्माण कार्य को द्रुत गति से नियमित तौर पर संचालित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग कर तकनीकी मापदंडों एवं गुणवत्ता को सुनिश्चित करने कहा। कमिश्नर डोमन सिंह ने मेडिकल कॉलेज के समीप नर्सिंग कॉलेज तथा भविष्य की जरूरतों के मद्देनजर अन्य भवनों के निर्माण हेतु अतिरिक्त भूमि चिह्नित करने पर जोर देते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज और मेडिकल कॉलेज अस्पताल बनने के बाद नर्सिंग कॉलेज, चिकित्सकों एवं अन्य स्टाफ के लिए आवास निर्माण के अलावा अन्य भवन निर्माण की आवश्यकता होगी और इसे त्वरित स्वीकृति देने के लिए आवश्यक भूमि पहले से ही चिह्नित कर लिया जाए।

इस दौरान कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने चितालंका एवं समीपस्थ ग्राम भोगाम में आवश्यक भूमि का सर्वेक्षण करवाकर चिन्हित किए जाने की जानकारी दी।

## 4 कर्मयोगी सदस्यों का एनएमडीसी से सेवानिवृत्त पर हुआ सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक शाखा किरंदुल अध्यक्ष विनोद कश्यप एवं सचिव एके सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में गांधी भवन इंटक श्रमिक सदन में जून में सेवानिवृत्त हुए 4 वरिष्ठ कर्मयोगियों के सम्मान में एक भव्य, गरिमामय एवं भावपूर्ण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

- **सेवा, समर्पण और सम्मान का अविस्मरणीय पल**

समारोह में सोनसिंह नाग मास्टर एचईएम ऑपरेटर ग्रेड-I), महेंद्र कुमार चापड़ी एमएमसीओ ग्रेड-II, कार्यक्रम में अनुपस्थित रहे। ज्ञानू राम कवाची मास्टर एचईएम मैकेनिक ग्रेड-II तथा लक्ष्मीनाथ वट्टी मास्टर इलेक्ट्रिशियन ग्रेड-II, के पुत्र उपस्थित रहे, को शॉल ओढ़ाकर, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके परिवारजनों का भी आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भावनाओं, आत्मीयता और सम्मान से सराबोर हो गया।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विनोद कश्यप ने कहा कि सम्मानित सभी सेवानिवृत्त साथियों ने अपने संपूर्ण सेवाकाल में कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी, अनुशासन तथा संस्थान के प्रति समर्पण का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनका अथक परिश्रम, अनुभव और कार्यसंस्कृति आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मयोगियों का सम्मान करना केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि उनके अमूल्य योगदान के प्रति संगठन की कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक है। सचिव एके सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन सदैव श्रमिकों के सम्मान, अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति सेवा का अंत नहीं, बल्कि जीवन के एक नए, सुखद और सुनहरे अध्याय की शुरुआत है। श्रमिकों का समर्पण ही किसी भी संस्थान की वास्तविक शक्ति है। ऐसे कर्मठ एवं समर्पित साथियों का सम्मान करना यूनियन की गौरवशाली परंपरा है, जिसे भविष्य में भी पूरी गरिमा के साथ निभाया जाता रहेगा। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त साथियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि एवं सम्मानपूर्ण जीवन की मंगलकामनाएँ भी व्यक्त कीं।

कार्यक्रम में यूनियन के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, विभागीय प्रतिनिधि, समिति सदस्य, सामान्य सदस्य, ठेका श्रमिक, सुरक्षा प्रहरी सहित बड़ी संख्या में श्रमिक साथी उपस्थित रहे। सभी ने सेवानिवृत्त साथियों के उज्ज्वल, स्वस्थ, सुखमय एवं सम्मानपूर्ण जीवन की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।

कार्यक्रम का संचालन संगठन सचिव राकेश लाल और धन्यवाद ज्ञापन एवं आभार संगठन के कोषाध्यक्ष ओंम कुमार साहू द्वारा किया गया।

## परिवीक्षा अवधि समाप्ति से पूर्व नियमितीकरण की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

विकासखंड गीदम के अंतर्गत वर्ष 2023 में नियुक्त हुए शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी गीदम को ज्ञापन सौंपा। करीब डेढ़ दर्जन शिक्षकों की उपस्थिति में सौंपे गए इस ज्ञापन में आगामी सितंबर-अक्टूबर माह में समाप्त हो रही परिवीक्षा अवधि के दृष्टिगत, नियमितीकरण की प्रशासनिक कार्यवाही को समयबद्ध और सुचारु रूप से पूर्ण करने का आग्रह किया गया है। शिक्षकों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि परिवीक्षा अवधि की समाप्ति के पश्चात नियमितीकरण की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का विलंब न हो, इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों का संकलन समय रहते प्रारंभ कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने बीईओ से निवेदन किया है कि विकासखंड के 2023 बैच के समस्त नवनियुक्त शिक्षकों को निर्धारित प्रारूप में अपनी गोपनीय चरित्रावली एवं चल-अचल संपत्ति विवरण प्रस्तुत करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, ताकि सभी अभिलेख समय पर संकलित कर सक्षम कार्यालय को प्रेषित किए जा सकें। शिक्षकों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज निर्धारित प्रारूप एवं समय-सीमा के भीतर प्रस्तुत करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। ज्ञापन सौंपने पहुंचे शिक्षकों में से सोनिया, ललिता, नीमा, गोमती, कविता, सुमन, दीपाली, दिव्या, मनीषा, शारदा, टिकेश, प्रवीण, सूर्य प्रताप, रूपेश, पीताम्बर, विजय,ओमथ, मूलचंद और विवेक शामिल रहे।

## विधानसभा घेरेंगे शिक्षक-शिक्षिकाएं आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक एवं समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश नेतृत्व आव्हान पर 15 जुलाई को राजधानी रायपुर में आयोजित होने वाले विधानसभा घेराव कार्यक्रम को लेकर जिले के सहायक शिक्षकों शिक्षक एवं प्रधान अध्यापकों ने व्यापक समर्थन दिया। जिले के सभी चारों विकासखंडों गीदम, दंतेवाड़ा, कुआकोंडा एवं कटेकल्याण में बैठकों का दौर जारी कर अधिक से अधिक शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

फेडरेशन के जिला अध्यक्ष सुधीर सिंह चौहान ने बताया कि यह आंदोलन किसी एक व्यक्ति या संगठन का नहीं बल्कि प्रदेश के हजारों सहायक शिक्षकों, शिक्षकों एवं प्रधान अध्यापकों के सम्मान अधिकार और भविष्य जुड़ा जन आंदोलन है। उन्होंने कहा कि वर्षों से लंबी शिक्षक हितों की मांगों के निराकरण के लिए संगठन द्वारा शासन प्रशासन के समक्ष कई बार ज्ञापन, चर्चा एवं शांतिपूर्ण प्रयास किए गए लेकिन अपेक्षित समाधान नहीं मिलने के कारण अब लोकतांत्रिक तरीके से विधानसभा घेराव का निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन की प्रमुख मांगों में सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान करना, टेट की अनिवार्यता समाप्त करते हुए सेवारत शिक्षकों की सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करना पूर्व सेवा की गणना कर पूर्ण पेंशन सहित समस्त सेवानिवृत लाभ प्रदान करना, लंबित पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी लाकर शीघ्र पदोन्नति आदेश जारी करना तथा वी एस के ऐप के कारण शिक्षकों पर पढ़ रहे अनावश्यक मानसिक तनाव एवं वेतन कटौती पर तत्काल रोक लगाना प्रमुख है। सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत सिंह चौहान एवं प्रांतीय सलाहकार तिरपरेश चापड़ी ने कहा कि जब हमारी नियुक्ति हुई थी, तब ना शिक्षा का अधिकार कानून था। ना ही टीईटी का अस्तित्व था। हमारी उंगली पड़कर पढ़ने वाले आज बड़े-बड़े अफसर बन गए। अब वर्षों के हमारे शिक्षक के अनुभव को एक पात्रता परीक्षा में मापा जा रहा है। जिले के उन हजारों शिक्षकों का जिन्होंने अब टीईटी परीक्षा पास करना होगा। फेडरेशन के जिला अध्यक्ष सुधीर सिंह चौहान ने अपील की है कि अधिक संख्या में रायपुर पहुंचकर कार्यक्रम में सहभागी बने तथा शिक्षक एकता की मिसाल प्रस्तुत करें।

## नक्सल पीड़ितों, शहीद जवानों और आत्मसमर्पित माओवादियों से जुड़े मामलों के निराकरण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर विश्वदीप एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने मंगलवार को नक्सल प्रकरणों, नक्सल पीड़ितों की सहायता, शहीद जवानों के सम्मान तथा आत्मसमर्पित माओवादियों के पुनर्वास से संबंधित लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सभी एसडीएम, एसडीओपी सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में नक्सल प्रकरण वापसी से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नक्सल पीड़ितों को अनुग्रह सहायता राशि (भुगतान) एवं अनुकंपा नियुक्ति से जुड़े लंबित प्रकरणों पर विशेष चर्चा करते हुए पात्र हितग्राहियों को प्राथमिकता के आधार पर राहत उपलब्ध कराने को कहा गया। समीक्षा के दौरान नक्सली हिंसा में मारे गए एवं घायल ग्रामीणों को शासन द्वारा प्रदत्त सहायता, उपचार एवं अन्य सुविधाओं से संबंधित लंबित मामलों की भी जानकारी ली गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की देरी न हो और प्रभावित परिवारों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से पहुंचे। बैठक में शहीद जवानों एवं ग्रामीणों की स्मृति में सम्मानजनक पहल पर भी चर्चा हुई। 05 या उससे अधिक शहीद जवानों के नाम पर चौक, चौराहों एवं मार्गों के नामकरण तथा 03 या उससे अधिक ग्रामीणों की हत्या वाले प्रकरणों में संबंधित स्थानों के नामकरण हेतु प्राप्त प्रस्तावों की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही करने पर विचार किया गया। आत्मसमर्पित माओवादियों की घोषित इनामी राशि के भुगतान से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ता परेशान

**जगदलपुर।** कुरंदी स्टेशन तथा उसके आसपास के ग्रामों में पिछले काफी समय से बार-बार बिजली गुल होने की गंभीर समस्या बनी हुई है। बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खेतों की सिंचाई, पेयजल व्यवस्था तथा दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। नये विद्युत्त मीटर लगने के बाद विद्युत्त बिल मे ज्यादा बढ़ोत्तरी हुई है। इस बढ़ी हुई बिजली दरों मे लगाम लगाया जाए। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के अध्यक्ष रमेश गोयल ने कहा कि विद्युत संबंधी समस्या का तत्काल स्थायी समाधान कराया जाए, विद्युत लाइन एवं उपकरणों की आवश्यक जांच कराई जाए तथा नियमित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। यदि शीघ्र समाधान नहीं किया तो भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) किसानों एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर जनहित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी।

### गोंचा पर्व पर 16 को स्थानीय अवकाश

**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने कैलेंडर वर्ष 2026 के तहत गुरुवार 16 जुलाई को गोंचा पर्व के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है। इसे संपूर्ण बस्तर जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार घोषित स्थानीय अवकाश दिवस पर कोषालय और उप-कोषालय आम दिनों की तरह ही यथावत खुले रहेंगे।

### कलेक्टर को पुस्तक भेंट



**जगदलपुर।** बस्तर के युवा लेखक राहुल कुमार पाण्डेय ने अपनी पुस्तक रुकना सीखिए की प्रति कलेक्टर आकाश छिकारा को भेंट की। लेखक ने पुस्तक के उद्देश्य और इसके मूल संदेश से उन्हें अवगत कराया। रुकना सीखिए जीवन में धैर्य, संयम और सोच-समझकर निर्णय लेने का संदेश देती है। कलेक्टर ने लेखक के सकारात्मक प्रयास की सराहना की।

### मनोज पाणिग्राही गेस्ट ऑफ ऑनर से सम्मानित



**जगदलपुर।** महाराष्ट्र एक्यूपंक्चर काउंसिल एवं आयुष्मान एक्यूपंक्चर कॉलेज एवं हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय एक्यूपंक्चर परिषद का दो दिवसीय ऐतिहासिक राष्ट्रीय मेडिकल कॉन्फ्रेंस डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय कन्वोकेशन हॉल, संतरानगरी, नागपुर में देश-विदेश के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस भव्य सम्मेलन का उद्घाटन महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किया। मुख्यमंत्री ने एक्यूपंक्चर चिकित्सा पद्धति को जन-स्वास्थ्य की मुख्यधारा से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया और आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी डॉ. मनोज पाणिग्राही ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। डॉ. पाणिग्राही ने अपने उद्बोधन में ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों में एक्यूप्रेशर-एक्यूपंक्चर एवं योग सेवा के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ एवं उसके अद्भुत परिणामों के अपने 30 वर्षों के अनुभव साझा किए। आयोजक मंडल द्वारा डॉ. पाणिग्राही को गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह एवं स्मृति प्रतिमा प्रदान की गई। इस दौरान डॉ. पाणिग्राही ने छत्तीसगढ़ प्रदेश में भी एक्यूपंक्चर काउंसिल के गठन हेतु शासन स्तर पर पहल करने की बात रखी, जिस पर महाराष्ट्र काउंसिल ऑफ एक्यूपंक्चर ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## शक्ति केंद्र की बैठक में संगठन की मजबूती पर रायशुमारी



**जगदलपुर।** विधानसभा के प्रत्येक मंडल के शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित की जा रही है। ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। आज चित्रकोट विधानसभा के लोहण्डीगुड़ा मंडल के शक्ति केंद्र तोयर में शक्ति केंद्र बैठक किया गया। बैठक में बूथ अध्यक्ष, बीएलए-2 एवं कार्यकतार्ओं की उपस्थिति रही। संगठनात्मक विषयों एवं आगामी कार्य योजनाओं पर चर्चा की गई। इस दौरान मंडल महामंत्री सावेंद्र सेठिया, मिडिया प्रभारी भरत कश्यप, तोयर शक्ति केंद्र प्रभारी मनीष पोयाम, युवा मोर्चा महामंत्री लखन ठाकुर, अरुण कुमार कवासी सहित मंडल के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मारपीट व तोड़फोड़ करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बोधघाट थाना क्षेत्र के राजेन्द्र नगर वार्ड में बीती रात धारधार चाकू व डण्डे से मारपीट व तोड़फोड़ कर उत्पात मचाने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं घटना के बाद फरार हुए एक आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक रविवार रात राजेन्द्र नगर वार्ड में कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा चाकू- छुरा लहराकर उत्पात मचाया गया था जिससे पूरे मोहल्ले वाले काफी भयभीत थे। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी आशिफ कुरैशी ने बताया कि वह अपने दोस्त जुबेर खान व अनश कुरैशी के साथ बर्तन गोदाम के सामने रोड पर रात में खड़े थे तभी अभिषेक पानीग्राही उर्फ बामन, रोहित पोयाम व सोनू बघेल नशे की हालत में अपने हाथ में डंडा व धारदार चाकू लेकर आये और प्रार्थी व उसके साथी को देखकर तुम लोग बाहर से आये हो यहां क्या कर रहे हो। हम लोग यहां के दादा है बोलते हुए मां बहन की अश्लील गाली गलौज देने लगे जिन्हे गाली गलौज देने से मना करने पर तीनो मिलकर प्रार्थी को हाथ मुक्का एवं डंडा से मारकर चोट पहुंचाये। वहीं सोनू बघेल द्वारा डंडा से छत से उतरने वाला पानी वाला प्लास्टिक पाईप को डंडा से मारकर तोड़ फोड़ किया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी अभिषेक पानीग्राही उर्फ बामन 27 वर्ष निवासी गंगानगर वार्ड तथा रोहित पोयाम 19 वर्ष निवासी बहादुरगुड़ा को गिरफ्तार किया गया वहीं घटना के बाद से फरार आरोपी सोनू बघेल की तलाश की जा रही है।

### इनकी रही अहम भूमिका

मोहल्ले में उत्पात मचाने वाले असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार करने में प्रशिक्षु डीएसपी सुमित चंद्रा व निरीक्षक टामेश्वर चौहान के अलावा एसआई लोकेश्वर नाग, प्रशिक्षु एसआई नागेंद्र सिंह, प्रिया यादव, निर्मला सिदार, एएसआई सतीश श्रीवास्तव, दिनेश उसेंडी, प्रधान आरक्षक अखिलेश नाग, प्रकाश मनहर, सुनील मनहर, आरक्षक युवराज ठाकुर विजय तिर्की तथा पैंथर टीम के जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### दो दिनों से परिजन परेशान, पुलिस से लगाई खोजबीन की गुहार

# जिला अस्पताल से रहस्यमय ढंग से गायब हुआ मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

भोपालपटनम निवासी एक 40 वर्षीय मजदूर जिला अस्पताल बीजापुर से रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गया है। घटना के बाद से परिजन उसकी तलाश में जुटे हैं लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इससे परिवार चिंता और सदमे में है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनेश वेको (40) पिता मंगू वेको निवासी कोशापारा, भोपालपटनम, की 11 जुलाई को अचानक तबियत बिगड़ गई। बताया गया कि बेहोशी की हालत में सांस लेने में तकलीफ होने पर उनका पुत्र तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपालपटनम लेकर पहुंचा। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बीजापुर रेफर कर दिया गया।



एम्बुलेंस से आवश्यक दस्तावेजों के साथ उन्हें जिला अस्पताल बीजापुर पहुंचाया गया, जहां शनिवार रात चिकित्सकों ने भर्ती प्रक्रिया पूरी कर उपचार शुरू कर दी। परिजनों के अनुसार रविवार रात मरीज को भोजन कराने के बाद उसका पुत्र अस्पताल में ही सो गया। सोमवार सुबह जब उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि पिता अपने बेड पर नहीं थे। इसके बाद अस्पताल परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की गई, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका।

परिजनों का कहना है कि वे पिछले दो दिनों से लगातार अस्पताल, आसपास के इलाकों और रिश्तेदारों के यहां तलाश कर रहे हैं। लेकिन अब तक कोई जानकारी नहीं मिली है। इस घटना के बाद परिवार चिंतित है। परिजनों ने आशंका व्यक्त की है कि उनके साथ कोई अप्रिय घटना हो सकती है इसलिए प्रशासन से तत्काल खोजबीन की मांग की है।

परिवार ने शासन-प्रशासन और पुलिस से दिनेश वेको का जल्द से जल्द पता लगाने की गुहार लगाई है। परिजन भोपालपटनम थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे थे। समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज होने की प्रक्रिया जारी थी। अब इस मामले में पुलिस की कार्रवाई और जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मरीज अस्पताल से किस परिस्थिति में लापता हुआ और उसके साथ क्या हुआ।

### पता कर रहे हैं

भोपालपटनम अस्पताल से भेजे गए मरीज को भर्ती किया गया था। जो 12 जुलाई को जिला अस्पताल बीजापुर में भर्ती था। 13 जुलाई को अचानक गायब हो गया। इस संबंध में गायब मरीज का पता लगा रहे हैं। अस्पताल स्टाफ और परिजन संभावित स्थलों पर जाकर देख रहे हैं। अभी की स्थिति में अस्पताल से गायब होना पाया गया है।

डॉ. बीआर पुजारी
सीएमएचओ बीजापुर

## इंश्योरेंस कंपनी विधिक वारिसान को अदा करेगी क्षतिपूर्ति 15 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया आदेश

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा मंगलवार को एक प्रकरण में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा आवेदकगण को मृत पति, पिता की बीमा क्षति दावा राशि 15 लाख रुपए एवं मानसिक पीड़ा हेतु 20 हजार रुपए बदा करेगी। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ जारी किया है।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कि कोंडागांव निवासी आवेदकगण रीता वैद्य के पति, अमित राम वैद्य और कुमारी ज्योति वैद्य के पिता स्व.जीवन वैद्य ने स्वयं के स्वामित्व की वाहन ट्रेक्स तूफान का बीमा नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जगदलपुर से बीमा करवाया था। आवेदकगण के पति, पिता की बीमा अवधि के दौरान सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर आवेदकगण द्वारा बतौर वारिसान आवश्यक दस्तावेज सहित बीमा कंपनी के समक्ष बीमा दावा प्रस्तुत किया गया था, पर बीमा कंपनी द्वारा लंबे समय तक दावे का निराकरण नहीं किया गया था। घटना के समय आवेदकगण के पति, पिता के पास वैध एवं प्रभावी ड्रायविंग लायसेंस न होने के कारण आवेदकगण के दावे का निराकरण नहीं किया गया था। इससे क्षुब्ध होकर आवेदकगण द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने यह माना है कि बीमा कंपनी यह प्रमाणित करने में असफल रही है कि घटना दिनांक को आवेदकगण के पति, पिता के पास वैध एवं प्रभावी ड्रायविंग लायसेंस नहीं था। बीमा कंपनियां दावों का निपटारा करते समय तकनीकी आधारों पर दावे से इंकार करती है जबकि दावे के निपटारे के समय बीमा कंपनी को बहुत अधिक तकनीकी नहीं होना चाहिए। बीमा कंपनी द्वारा बीमा पॉलिसी के अनुबंध के अनुसार बतौर वारिसान आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत बीमा दावे का निराकरण न कर एवं राशि आवेदकगण को प्रदान न कर सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण किया गया है। इस संबंध में आवेदकगण को हुई मानसिक पीड़ा हेतु 20 हजार रुपए पृथक से दिए जाने का भी आदेश पारित किया गया है।

## झूलेलाल चालीहा महोत्सव कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- 40 दिन तक भवन में अखंड ज्योत जलेगी

भगवान झूलेलाल का चालीहा महोत्सव 16 जुलाई से 25 अगस्त तक होगा। इसमें समाज के लोग 40 दिन तक व्रत रखकर पूजा-अर्चना करेंगे। इस दौरान श्रद्धालु सुबह-शाम भगवान झूलेलाल की कथा का श्रवण करेंगे। पूज्य सिंधी समाज अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने बताया कि चालीहा महोत्सव सिंधी समाज का गौरवशाली पर्व है। ऐसा माना जाता है कि इन 40 दिनों तक अखंड ज्योति और पूजा-अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस दौरान भगवान झूलेलाल की पूजा जल एवं ज्योति के रूप में की जाती है। यह व्रत कठिन होते हैं। अखंड ज्योति की प्रतिदिन पूजा-अर्चना करने से सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। सिंध प्रांत के क्रूर मुस्लिम बादशाह मिर्ख शाह ने हिंदुओं को जबरदस्ती मुस्लिम बनाए जाने पर सिंधु नदी के तट पर 40 दिनों तक बादशाह के अत्याचार से बचाने के लिए हजारों हिंदू नर-नारियों की करुण पुकार सुनकर जल के देवता प्रकट हुए और अपने चमत्कार से बादशाह का मन बदल कर उसे सद्मार्ग पर सर्वधर्म समभाव का मार्ग दिखाते हुए मानवता की शिक्षा देकर हिंदू धर्म की रक्षा हेतु अवतार लिया। तब से अब



तक हर साल 16 जुलाई से 24 अगस्त तक सिंधी समाज भगवान झूलेलाल का चालीहा उत्सव श्रद्धा और धूमधाम से मनाता है। महोत्सव के दौरान प्रत्येक दिन प्रातः एवं शाम 8 बजे साईं झूलेलाल की आरती अरदास सिंधु भवन में की जाएगी। इस दौरान 40 दिन तक भवन में अखंड ज्योत जलेगी। उपवास रखने वाला व्यक्ति एक समय सात्विक भोजन करेंगे इस भोजन में लहसुन प्याज वर्जित हैं। झूलेलाल साहिब चालीहा महोत्सव में प्रथम दिवस धमतरी के झूलेलाल मंदिर से सेवदारों का जत्था अपनी उपस्थिति देकर धूनी आयोजन करेंगे। गुरुद्वारा कमेटी अध्यक्ष सुंदर भोजवानी ने बताया चालीस दिनों तक की भगवान झुलेलाल की पूजा अर्चना के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

### इनकी रहेगी अहम भूमिका

इस आयोजन में पूज्य सिंधी पंचायत, गुरुसंगत गुरुद्वारा कमेटी, नवयुवक मंडल सिंधी समाज, सेवा समर्पण, सुहिणी सोच, जय झूलेलाल टीम तथा एस पी एल टीम के पदाधिकारी योगदान दे रहे है।

### अजगर को देखते ही सीआरपीएफ के 227 बटालियन जवानों में रही दहशत

## कोलेंग की रेस्क्यू टीम ने पकड़ा 7 फीट लंबा अजगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





बारिश के मौसम में सांपों के निकलने का सिलसिला शुरू हो गया है। बस्तर जिले के झीरम स्थित सीआरपीएफ के 227 बटालियन कैंप के पास सोमवार को अजगर दिखा, जिसे देखकर सीआरपीएफ कमांडेंट के निर्देश पर वन विभाग के परिक्षेत्र कोलेंग को सूचित किया। अजगर को देखते ही जवानों में दहशत फैल गई और बटालियन के मेजर कृष्ण कांत चौधरी के साथ भी मौके पर जवान एकत्रित हो गए थे। सीआरपीएफ कमांडेंट के सहयोग से कोलेंग रेंज की वन विभाग की रेस्क्यू टीम पहुंची, टीम ने लगभग एक घंटे मशक्कत के बाद लगभग 7 फीट लंबे अजगर को सफलतापूर्वक पकड़ लिया। किसी भी तरह के नुकसान से बचाव के लिए टीम ने इस विशालकाय सांप को सुरक्षित रूप से रेस्क्यू करने के बाद उसके प्राकृतिक आवास (घने जंगल) में छोड़ दिया। बताया जा रहा है कि बारिश मौसम में अक्सर अजगर जैसे वन्यजीव भोजन या सुरक्षित स्थान की तलाश में इंसानी बस्तियों की ओर भटक जाते हैं।

### वन्यजीव की बचाई जान

वन विभाग जगदलपुर के एसडीओ योगेश कुमार रात्रे ने बताया कि रेस्क्यू के बाद टीम ने वन्यजीव संरक्षण के नियमों का पालन करते हुए अजगर को उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित छोड़ दिया। इससे न केवल एक वन्यजीव की जान बचाई गई, बल्कि लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हुई।

शाला विकास समिति के अध्यक्ष बने मनोज थॉमस

## शाला के क्रियाकलाप और समस्याओं पर निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



स्वामी विवेकानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जगदलपुर में शैक्षणिक सत्र के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की प्रथम बैठक हुई। बैठक में शाला से जुड़े क्रिया कलापों, गतिविधियां, उपलब्धियां, समस्या, शिक्षकों की कमी एवं अन्य मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई और निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही की गई। इस मौके पर इंदिरा वार्ड पार्षद रामकृष्ण तिवारी, सर्व सहमति से चुने गए शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के नए अध्यक्ष, मनोज थॉमस, उपाध्यक्ष शांति नाग, सदस्य योगेश शुक्ला, अभिभावक सदस्य अशोक साहू, तेजमणि दास, राजकुमार पंडित, सोनी देवी, देवेंद्र कुमार यादव, अरुणिमा शुक्ला, उमेश यादव, दीपक पटेल एवं देविका पटेल के साथ संस्था की प्राचार्य एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की सचिव मनीषा खत्री, प्रभारी टी. रुचिका एवं संस्था के अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम में कार्यरत स्टाफ मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन व्याख्याता सुचित्रा सामंत सिंह ने किया।

### मकान हादसे में पति की मौत, पीड़ित को 4 लाख की आपदा राहत स्वीकृत

# दुख की घड़ी में चैती को मिला सरकारी सहारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जीवन में कभी-कभी ऐसी विपत्ति आ जाती है, जो एक पल में पूरे परिवार की खुशियां छीन लेती है। बस्तर जिले के बास्तानार विकासखंड के ग्राम सागवेल की निवासी चैती के साथ भी ऐसा ही हुआ। मकान गिरने की दुर्घटना में उनके पति महरू की मृत्यु हो गई। इस हादसे ने चैती को गहरे सदमे में डाल दिया और परिवार के सामने आजीविका का भी संकट खड़ा हो गया।

दुख की इस घड़ी में जिला प्रशासन ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए चैती को तत्काल राहत उपलब्ध कराई। तत्कालीन कलेक्टर के मार्गदर्शन में एसडीएम तोकापाल श्री शंकर लाल सिन्हा स्वयं गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार को आरबीसी 6-4 के तहत तत्काल 25 हजार रुपये की नकद सहायता प्रदान की, जिससे परिवार को तत्काल आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में राहत मिली। इसके बाद तहसीलदार एवं पटवारी ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक राजस्व कार्रवाई पूरी की। प्रशासन की कार्यवाही के परिणाम स्वरूप आपदा राहत प्रकरण शीघ्र स्वीकृत हुआ और चैती को 4 लाख रुपये की आपदा राहत राशि प्रदान की गई। इस आर्थिक सहायता ने विपरीत परिस्थितियों में उनके परिवार को नया संबल दिया।

### प्रशासन ने समझी मेरी पीड़ा

चैती भावुक होकर कहती हैं मकान गिरने से मेरे पति महरू की मृत्यु हो गई थी। उस समय मुझे समझ नहीं आ रहा था कि आगे कैसे जीवन चलेगा। लेकिन प्रशासन ने मेरी पीड़ा को समझा। एसडीएम साहब स्वयं घर आए और तत्काल सहायता दी। मकान क्षति का एक लाख बीस हजार अलग से आरबीसी 6-4 के तहत राजस्व विभाग से एवं 50 बास 30 बल्ली वन विभाग के तरफ से तुरंत दिया गया । इसके बाद सभी आवश्यक प्रक्रियाएं तेजी से पूरी कर मुझे चार लाख रुपये की राहत राशि मिली। संकट की इस घड़ी में जिला प्रशासन ने जिस संवेदनशीलता से मेरी मदद की, उसके लिए मैं कलेक्टर साहब और पूरी प्रशासनिक टीम की हृदय से आभारी हूं।

